लापरवाही की कोई गुंजाइश

जापान जाएंगे 35 हजार कुशल श्रमिक

राज्य मुख्यालय। एनआरआई मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा है कि प्रदेश सरकार द्वारा दूतावासों के माध्यम से लगातार प्रवासी भारतीयों से संपर्क स्थापित करने के परिणाम सामने आने लगे हैं। 32 प्रवासियों ने 1045 करोड़ रुपये निवेश का प्रस्ताव दिया है। मंत्री ने बुधवार खादी भवन में इसके लिए गठित पीएमयू के कार्यों की समीक्षा बैठक में बताया है कि जापान में 14 सेक्टर के लिए 3.14 लाख कुशल क्षमता के लोगों

सिद्धार्थ नाथ सिंह, कैबिनेट मंत्री

को लिया जाना है। प्रदेश से 35 हजार कुशल श्रमिकों को इसके लिए तैयार किया जाएगा। इन लोगों को जापानी भाषा भी सिखाई जाएगी।